E-mail eeupjnruralalig@gmail.com
Telephone No.-0571-4507626

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पीटल के सामने गली में, एटा चुंगी-बोनेर (जी0टी0) रोड, सिंधौली, अलीगढ़- 202001

पत्रांक- 2822 / शिकायत / 66 दिनांक 11-8-2026

**सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की टंकी से फिर चोरी" के सम्वन्ध में आख्या**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन में ग्राम- नदरोई, विकास खण्ड- लोधा व तहसील- कोल, जनपद- अलीगढ़ के पेयजल योजनान्तर्गत नलकूप-1 नग, पम्प हाउस-1 नग, बाउण्ड्रीवाल-1 नग, गृह जल संयोजन- 671 नग, पाइप लाइन- 14429 मी0 व शिरोपरि जलाशय- 200 कि0ली0(क्षमता)/16 मी0 (स्टेजिंग) का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष नलकूप-1 नग, पम्प हाउस-1 नग, बाउण्ड्रीवाल-1 नग, गृह पेयजल संयोजन- 278 नग, पाइप लाइन- 9097 मी0 एवं शिरोपरि जलाशय- 95 प्रतिशत का कार्य किया जा चुका है। पाइपाइन बिछाते समय काटी गयी कुल रोड ट्रेन्च- 4850 मी0 के सापेक्ष तत्समय शत प्रतिशत मोटरेबिल करते हुए बी.ओ.ई (खंडजा)- 1347 मी0, इण्टरलॉकिंग टाइल्स- 1449 मी0 तथा सी0सी0 रोड़- 534 मी0 (कुल- 3330 मी0) मरम्मत की जा चुकी है।

इसके साथ ही आवगत कराना है कि दिनांक- 09.08.2026 को उक्त ग्राम नदरोई विकास खण्ड- लोधा में जलकल प्रांगण से डीजल जनरेटर सैट का अल्टीनेटर एवं बैटरी चोरी हो गया। जिसकी शिकायत समीपवर्ती पुलिस स्टेशन- लोधा में दिनांक 10.08.2026 को दर्ज कराई जा चुकी है।

वर्तमान में योजनान्तर्गत सोलर सिस्टम द्वारा आंशिक पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा अन्य अवशेष कार्य मार्च 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

11/08/2026

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner